आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 12.11.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार उत्तरकाशी की यमुना घाटी के धार्मिक क्षेत्रों का विकास कर श्रीकृष्ण यमुना तीर्थ सर्किट विकसित करेगी।
- इस वित्तीय वर्ष में 10 नवंबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 15 दशमलव चार–एक प्रतिशत बढ़कर 12 लाख 11 हजार करोड़ रुपये हो गया।
- प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में ''इगास बग्वाल'' का त्योहार पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है।
- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री डामटा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार, उत्तरकाशी की यमुना घाटी के धार्मिक क्षेत्रों को विकसित कर श्रीकृष्ण यमुना तीर्थ सर्किट विकसित करेगी। मुख्यमंत्री ने आज डामटा में आयोजित यमुनाघाटी क्रीड़ा और सांस्कृतिक विकास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयासों से इस क्षेत्र में आजीविका के नये अवसर पैदा होंगे और आर्थिकी को भी संबल मिलेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टीकरा टॉप में खेल मैदान और हेलीपैड का निर्माण कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने क्रीड़ा और सांस्कृतिक विकास समारोह के लिए पांच लाख रूपये देने के साथ ही डांडा देवराणा मेला को राजकीय मेले के कैलेण्डर में सम्मिलित करने की बात कही। इसके साथ ही श्री धामी ने कहा कि डामटा क्षेत्र में पॉलीटेक्नीक संस्थान की आवश्यकता का आकलन कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि डामटा से आगे यमुनोत्री मार्ग के चौड़ीकरण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके अलावा यमुनाघाटी क्षेत्र में रेलवे लाईन के निर्माण को लेकर भी केन्द्र सरकार से आग्रह किया जाएगा।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह

देश का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह इस वित्तीय वर्ष में अब तक 15 दशमलव चार–एक प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12 लाख 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अनुसार, इस वर्ष एक अप्रैल से 10 नवंबर की अवधि के दौरान रिफंड के समायोजन से पहले सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 दशमलव दो प्रतिशत बढ़कर 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि साल 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को हासिल करने का एकमात्र माध्यम शिक्षा है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सचिवों के साथ उच्च और तकनीकी शिक्षा पर नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने शिक्षा क्षेत्र के पाँच प्रमुख पहलुओं के सुधार पर बल दिया। उन्होंने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों से अपने राज्यों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया और प्रत्येक राज्य की विशेष आवश्यकताओं के आधार पर पाठ्यक्रम बनाने का सुझाव दिया।

## डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र

पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए देहरादून में भारतीय स्टेट बैंक की 5 शाखाओं में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाए गये। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के अवर सचिव समीन अंसारी ने बताया कि शिविर में पेंशनभोगियों का डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जारी किया गया।

## इगास बग्वाल

प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में ''इगास बग्वाल'' का त्योहार पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। इगास, दिवाली के 11वें दिन एकादशी को मनाया जाता है। इस अवसर पर घरों में दीये जलाए जाते हैं और तरह–तरह के पकवान बनाए जाते हैं। कुमाऊं क्षेत्र में इसे बूढ़ी दिवाली के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व पर रात में स्थानीय देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना के बाद ढोल दमाऊं के साथ लोक नृत्य किया जाता है और भैलो खेला जाता है। पर्वतीय अंचल में इगास–बग्वाल मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है।

## जनजातीय गौरव दिवस

नैनीताल जिले में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयन्ती को 15 से 26 नवम्बर तक जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। ये जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम का आयोजन रामनगर स्थित विकासखण्ड कार्यालय परिसर में 15 नवम्बर को सुबह 10 बजे से किया जायेगा। इस अवसर पर पीएम जनमन योजना के पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## रजत जयंती वर्ष समारोह

राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष समारोह की श्रृंखला में उत्तरकाशी में पंजाब सिंध क्षेत्र के निकट गंगा आरती स्थल पर रंगोली और भव्य दीपों की सजावट की गयी। इस भव्य दीपदान कार्यक्रम में नौगांव ब्लॉक के उन्नति स्वयं सहायता समूह की ओर से 5 हजार 100 हस्तनिर्मित डिजाइनर दीये जलाए गए। कार्यक्रम में गंगा आरती और भजनों के साथ ही राज्य के समग्र विकास तथा खुशहाली की कामना की गई। इससे एक दिन पूर्व पर्यटन विभाग ने जोशियाड़ा झील में जल क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया। इस आयोजन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए युवक–युवतियों ने कयाकिंग और राफ्टिंग में अपने हुनर का प्रदर्शन कर साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में जिले तथा राज्य की सशक्त उपस्थिति को उजागर किया।

## भारतीय रिजर्व बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक– आरबीआई, इस वर्ष अपनी 90वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर देहरादून में राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 72 विद्यार्थियों की 36 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की की टीम विजेता रही। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक अरविंद सिंह ने छात्रों से डिजिटल लेनदेन के दौरान सावधानी बरतने का आग्रह किया।

## क्रॉप कटिंग

ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने राजस्व विभाग की टीम के साथ रूद्रपुर तहसील के ग्राम अमरपुर के एक किसान के खेत में धान फसल की क्रॉप कटिंग की। इस दौरान जिलाधिकारी ने

किसान से बोये गये बीज, उर्वरक, कीटनाशक आदि के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि क्रॉप कटिंग के आधार पर जिले में फसल के औसत उत्पादन और उपज के आंकड़े तैयार किये जाते हैं। उन्होंने किसानों को अच्छे किस्म के कीटनाशक और समय–समय पर सुझाव की आवश्यकता पर बल दिया।

युवा महोत्सव समापन

उत्तरकाशी के रामलीला मैदान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव सम्पन्न हो गया। अंतिम दिन एकांकी, शास्त्रीय वादन, शास्त्रीय नृत्य और सामुहिक लोक नृत्य की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिला युवा कल्याण अधिकारी विजय प्रताप भण्डारी ने बताया कि विजेता टीमें राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेंगे।

ट्रायल

नैनीताल जिले के हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता के लिए आगामी 19 और 20 नवम्बर को जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत महिला और पुरूष वर्ग में बैडमिंटन, एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, कैरम, कबड्डी, शतरंज, लॉन टेनिस और भारोत्तोलन सहित कई अन्य खेल प्रतियेगिताएं के ट्रायल लिए जाएंगे। साथ ही पुरूष वर्ग के लिए क्रिकेट और फुटबॉल के भी ट्रायल होंगे। केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक बोर्ड की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड और संबंधित कार्यालयाध्यक्ष का अनुमति प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

सार्वजनिक अवकाश

केदारनाथ उप चुनाव के लिए 20 नवम्बर को होने वाले मतदान के दिन केदारनाथ निर्वाचन क्षेत्र के सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालय सहित शैक्षणिक संस्थानों में सवेतनिक सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया कि 20 नवम्बर को केदारनाथ विधानसभा में कार्यरत कार्मिकों, कारीगरों और श्रमिकों को मतदान के लिए सवेतनिक सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।